(2)

न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी-श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
01/2025	16.12.2025	15/04/2026

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू-राजस्व अधिनियम
द्वारा तहसीलदार गंगापुर सिटी

उपस्थित :- लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी

निर्णय

तहसीलदार गंगापुर सिटी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू-राजस्व अधिनियम इस आशय का पेश किया कि श्रीमान संयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप-6) विभाग, राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.3(2)राज-6/2003/पार्ट जयपुर दिनांक 10.08.2016 मे दिये गये निर्देशों की अनुपालना मे श्रीमानजी से निवेदन है कि पटवारी हल्का, पटवार मंडल गंगापुर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार ग्राम गंगापुर तहसील गंगापुर सिटी की भूमि ख0न0 439 रकबा 0.23 है0 मे से 0.02 है0 भूमि मे होकर मौके पर रास्ता चालू है एवं सार्वजनिक उपयोग मे काम मे लिया जा रहा है किन्तु राजस्व रिकार्ड वर्तमान जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस मे इस रास्ते का अंकन नही है। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्तानुसार मौके पर चालू रास्ते को राजस्व रिकार्ड, वर्तमान जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस मे दर्ज करने के आदेश प्रदान करने की कृपा फरमावें।

प्रार्थना पत्र के साथ तहसीलदार गंगापुर सिटी ने नकल जमाबंदी सं0 2072 से 2075 ग्राम गंगापुर खाता संख्या 124 व नजरी नक्शा ट्रेस प्रस्तुत किए हैं।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर सम्बंधित खातेदारान को तलब किया गया। सम्बधित खातेदारान बाबजूद सूचना हाजिर अदालत नही हुए। इसलिए इनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गई।

प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार गंगापुर सिटी को सुना गया।

पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया गया। नकल जमाबंदी सं0 2072 से 2075 ग्राम गंगापुर की भूमि खाता संख्या 124 ख0न0 439, 440 लल्ली पुत्र मेहरू हि0 1/2 कुम्हार, [illegible]ता पुत्री भरोसी हि0 1/4 कुम्हार, सुशीला पुत्री भरोसी हि0 [illegible] के नाम खातेदारी में दर्ज है। रिपोर्ट तहसीलदार गंगापुर सिटी के अनुसार इस भूमि मे होकर रास्ता चालू है एवं सार्वजनिक उपयोग मे काम मे लिया जा रहा है परन्तु राजस्व अभिलेख व नक्शा ट्रेस में रास्ता अंकित नहीं है। तहसीलदार गंगापुर सिटी एवं पटवारी हल्का गंगापुर ने उपरोक्त वर्णित खसरा नम्बर मे जा रहे रास्ते को गैरमुमकिन रास्ते के रूप में अंकित किए जाने हेतु निवेदन किया

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:03:28 IST
Reason: SelfAttested

उप जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट (राज0) गंगापुर सिटी (राज0) सत्यमेव जयते

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

(3)

है। प्रस्तुत रिपोर्ट तहसीलदार, पटवारी एवं राजस्व अभिलेख के अवलोकन के पश्चात् ग्राम गंगापुर तहसील गंगापुर सिटी की भूमि ख0न0 439 रकबा 0.23 है0 मे से 0.02 है0 भूमि को राजस्व अभिलेख व नक्शा ट्रेस में रास्ते के रूप में दर्ज किया जाना उचित है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार तहसीलदार गंगापुर सिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम गंगापुर तहसील गंगापुर सिटी की भूमि ख0न0 439 रकबा 0.23 है0 मे से 0.02 है0 भूमि को राजस्व रिकार्ड व नक्शा ट्रेस में रास्ते के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। इस भूमि के खातेदारी सम्बन्धी इन्द्राज पूर्ववत दर्ज रहेंगे केवल जमाबंदी के भूमि वर्गीकरण के कॉलम में भूमि की किस्म गै0मु0रास्ता दर्ज होगी एवं इसी अनुसार नक्शा ट्रेस में दुरूस्ती की जावेगी। प्रस्तुत नजरी नक्शा निर्णय का हिस्सा रहेगा। निर्णय की प्रति उपरोक्तानुसार पालना हेतु तहसीलदार गंगापुर सिटी को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील मूल वाद के साथ संलग्न रहे।

निर्णय आज दिनांक 15|5|2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(बृजेन्द्र मीना)
उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

उप जिला कलेक्टर एवं मजि. ... सत्यमेव जयते ... गंगापुर सिटी (स0मा0)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:03:28 IST
Reason: SelfAttested